वाहन दुर्घटना में पूर्व सांसद गंभीर

डाबुगां 14 सितंबर (सन्यूस) नवरंगपुर के पूर्व सांसद पर्शुराम माझी गत दिवस एक वाहन दुर्घटना में गंभीर रुप से घायल हो गये हैं।

नवरंगपुर के पूर्व भाजपा सांसद पर्शुराम माझी ने गत 12 सितंबर को अपने गृह ग्राम मैदलपुर समीपस्थ तुरुजियागुड़ा से अपने बोलेरो वाहन पर सवार होकर पार्टी कार्य के सिलसिले में नवरंगपुर आ रहे थे कि रास्ते में विपरीत दिशा से आ रही एक आटो को बचाने के चक्कर में वाहन चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया एवं बोलेरो अनियंत्रित होकर तीन बार पलट गई। इस दुर्घटना में वाहन चालक का एक हाथ टूट गया एवं पूर्व श्री माझी के सिने एवं हाथ पैर पर गंभीर चोटें आई है। चायलों तो तुरंत पापड़ाहांडी स्थित सामुदायिक चिकित्सालय में प्राथमिक उपचार कराने के बाद नवरंगपुर के जिला मुख्य चिकित्सालय में रेफर कर दिया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष गोविंद जैन एवं अन्य भाजपा कार्यकर्ताओं ने पापड़ाहांडा के चिकित्सालय पहुंच कर पूर्व सांसद का हाल चाल जाना तथा उनके जल्द से जल्द स्वस्थ होने की कामना की। सांसद श्री माझी के बेहतर उपचार हेतु कोरापुट स्थित जिला मुख्य चिकित्सालय में रेफर कर दिया गया है।

सर्वधर्म समभाव का संदेश देता है श्री गणेश चतुर्थी पर्व - मुख्यमंत्री

भोपाल 14 सितम्बर (ए) मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि गणेश चतुर्थी का पर्व सर्वधर्म समभाव का पर्व है। सभी समुदायों में गणेश चतुर्थी धूमधाम से मनाई जाती है। उन्होंने इस अवसर पर प्रदेश की सुख समृद्धि के लिये भगवान श्रीगणेश से प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि श्री गणेश चतुर्थी पर यही प्रार्थना है कि प्रदेश में शांति और सामाजिक सद्भाव बना रहे। श्री गणेश प्रतिमा स्थापना की लंबी परंपरा रही है। श्री चौहान आज दोपहर में माता मंदिर पहुंचे और भगवान श्रीगणेश की प्रतिमा लेकर निवास के लिये रवाना हुए। उनकी धर्मपत्नी श्रीमती साधना सिंह चौहानए पुत्र कार्तिकेय और कुणाल भी साथ थे। श्रीगणेश वंदना के साथ भक्तों का एक लंबा काफिला निवास के लिये रवाना हुआ। निवास पर पारंपरिक और धार्मिक अनुष्ठान एवं परंपरा के अनुसार मुख्यमंत्री निवास में श्रीगणेश की स्थापना की गई। उल्लेखनीय है कि श्री चौहान हर साल अपने निवास पर श्रीगणेश की स्थापना करते हैं।

सरपंच के असामयिक निधन पर जिला सरपंच संघ व्दारा शोक सभा आयोजित

डाबुगां 14 सितम्बर (सन्यूस) कोषागुमुड़ा ब्लाक अंतर्गत आटिगांव के सरपंच की गत दिवस हुई आकस्मिक निधन पर डाबुगां के पंचायत कार्यालय में गत 11 सितंबर को एक शोक सभा आयोजित कर मृतात्मा को श्रध्दांजलि दी गई।

विदित हो कि आटिगांव के सरपंच सुकानंद भत्रा एवं जिले के कई सरपंचो ने हाल ही में भुवनेश्वर में सरपंच संघ के विभिन्न समस्याओं को लेकर रैली प्रदर्शन आदि कर राज्य के मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा। इसके पश्चात गत 9 सितंबर को सरपंच सुकानंद भत्रा ने पुरी में भगवान श्री जगन्नाथ का दर्शन कर रात्रि को वापस लौट रहे थे कि कटक भुवनेश्वर के बीच हृदयाघात से उनकी मौत हो गई। गत 10 सितंबर को उनके पार्थिव शरीर को उनके गृह ग्राम आटिगांव लाया गया एवं अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान डाबुगां के विधायक भुजबल माझी एवं पूर्व सांसद प्रदीप माझी अंतिम संस्कार में शामिल हुये एवं शोकाकुल परिजनों को सांत्वना दी।

उनके असामयिक निधन पर गत 11 सितंबर को डाबुगां के पंचायत कार्यालय में जिला सरपंच संघ के अध्यक्ष सूर्यनारायण रंधारी की अध्यक्षता में एक शोक सभा आयोजित की गई। प्रारंभ में स्वर्गीय सरपंच सुकानंद भत्रा के तैल चित्र पर पुष्प माल्यार्पण कर तथा दो मिनट मौन धारण कर मृतात्मा को श्रध्दांजलि दी गई। संघ के अध्यक्ष सचिव, कोषाध्यक्ष एवं अन्य सरपंचों ने शोकसभा को संबोधित करते स्वर्गीय सुकानंद भत्रा के व्यक्तित्व तथा उनके व्यारा किये गये उल्लेखनीय कार्यो के बारे में प्रकाश डाला।

शोक सभा में सरपंच संघ के सचिव मधु भत्रा, कोषाध्यक्ष धर्मानंद नायक एवं सघ के पचास से भई अधिक सदस्य उपस्थित थे। अंत में संघ के उपाध्यक्ष सनराज गोंड के व्दारा आभार प्रकट किया गया।

पेट्रोल डीजल की बढ़ती कीमतों का विरोध

✷ कांग्रेस कोषाध्यक्ष कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ जाकर शिवराज सिंह को साइकिल भेंट करेंगे

भोपाल 14 सितम्बर (ए) प्रदेश कांग्रेस के कोषाध्यक्ष गोविंद गोयल मुख्यमंत्री शिवराज सिंह को पेट्रोल डीजल की बढ़ती कीमतों के विरोध स्वरूप में साइकिल भेंट करेंगे। गोयल शनिवार 15 सितम्बर को दोपहर 12 बजे सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ शिवाजी नगर स्थित प्रदेश कांग्रेस कार्यालय से रवाना होकर पैदल मार्च करते हुए मुख्यमंत्री निवास पहुचेंगे और पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के कार्यकाल के समय पेट्रोल डीजल की कीमतों की याद दिलाते हुएए शिवराज सिंह को साइकिल भेंट करेंगे। उनके साथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं के अलावा प्रकाश चैकसेए आकाश खरेए विपिन चैकसेए विवेक त्रिपाठीए संजय वर्माए सज्जन परमार सहित एनण्एसण्यूण्आईए युवक कांग्रेस और महिला कांग्रेस के पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी रहेंगे।

प्राइवेट स्कूलों में अध्ययनरत बच्चों की फीस प्रतिपूर्ति के लिए समय-सारिणी जारी

भोपाल 14 सितंबर (ए)। राज्य शिक्षा केन्द्र ने प्रदेश में निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम में प्राइवेट स्कूलों में 2016-17 सत्र में अध्ययनरत बच्चों की फीस प्रतिपूर्ति के लिए समय-सारणी जारी की है। अधिनियम में गैर अनुदान मान्यता प्राप्त प्राइवेट स्कूलों में वंचित समूह और कमजोर वर्ग के बच्चों को कक्षा एक अथवा प्री-स्कूल की प्रथम प्रवेशित कक्षा में न्यूनतम 25 प्रतिशत सीटों पर निःशुल्क प्रवेश का प्रावधान है।

प्रवेशित बच्चों की फीस प्रतिपूर्ति स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा भुगतान की जाती है। इसके लिए समय-सारणी जारी की गई है। प्राइवेट स्कूलों में निःशुल्क अध्ययनरत बच्चों का आधार नम्बर 15 सितम्बर तक तैयार किया जायेगा। आधार सत्यापन का कार्य 20 सितम्बर तक किया जायेगा। प्राइवेट स्कूलों द्वारा 25 सितम्बर तक नोडल अधिकारी को प्रपोजल भेजा जायेगा। नोडल अधिकारी प्रपोजल का सत्यापन करने के बाद इसे 30 सितम्बर तक जिला परियोजना समन्वयक (डी.पी.सी.) को भेजेंगे। डी.पी.सी. 5 अक्टूबर तक संबंधित प्राइवेट स्कूलों में प्रतिपूर्ति राशि ट्रांसफर करेंगे। प्राइवेट स्कूल संचालकों से समय-सारणी के अनुसार आवश्यक कार्यवाही करने के लिए कहा गया है।

मध्यप्रदेश को अंतर्राष्ट्रीय स्तर का धार्मिक पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करेगी कांग्रेस सरकार

✷ 23 सितंबर से 9 अक्टूबर तक राम वन गमन पथ यात्रा निकालेगी कांग्रेस

भोपाल14 सितम्बर (ए) समूचे देश मे भारतीय जनता पार्टी सत्ता हथियाने के लिए भगवान राम को हथियार के रूप में इस्तेमाल करती आई है। उनकी भावनाएं सिर्फ वोट तक ही सीमित हैं। भारतीय जनता पार्टी जहां गौ माता के नाम से राजनीति करती है वहीं मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा आगर में बनाये गए देश के पहले गौ अभ्यारण्य में गायें भूख प्यास से तड़पकर मर जाती हैं। तब इनकी गौ माता के प्रति संवेदनाएं कहाँ चली जाती हैं मध्यप्रदेश में जब से भारतीय जनता पार्टी की सरकार काबिज है। तब से एक भी प्राचीन मंदिरों का जीर्णोद्धार नही हुआ बल्कि जो मंदिर बने थे उन्हें भी विकास के नाम पर तोड़ने का काम भाजपा की छद्म धर्मवादी सरकार ने किया है। बीते 15 वर्ष के भाजपा के शासन काल मे मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चैहान ने धार्मिक स्थलों को न केवल अनदेखा किया बल्कि प्राचीन मान्यता वाले मंदिरों को जीर्ण.शीर्ण होने दिया। उक आरोप प्रदेश कांग्रेस की मीडिया अध्यक्ष श्रीमती शोभा ओझा ने आज पत्रकार वार्ता के दौरान लगाए।

मध्यप्रदेश के घोषणावीर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चैहान ने अक्टूबर 2007 को चित्रकूट में प्रदेश के जन.जन की धार्मिक भावनाओं से खेलते हुए ये घोषणा की कि प्रदेश सरकार 25 हजार करोड़ रुपये की लागत से राम वन गमन पथ का निर्माण करेगी। परंतु मुख्यमंत्री की अन्य घोषणाओं की तरह ये घोषणा भी जुमला साबित हुई। इसी तरह मुख्यमंत्री चौहान ने सभी तीर्थ स्थलों व नर्मदा जी के किनारे स्थित ग्रामीण इलाकों में शराब की दुकानों पर प्रतिबंध लगाने की बात कही थी वो भी कोरी घोषणा निकली। आज भी इन तीर्थ स्थानों में धड़ल्ले से शराब बिक रही है।

मुख्यमंत्री ने प्रदेश में उपचुनावों के दौरान मेहर चित्रकूट आदि धार्मिक नगरों को स्मार्ट सिटी बनाने की घोषणा की थी लेकिन अब तक सरकार ने कोई भी योजना इन क्षेत्रों को विकसित करने की नही बनाई। इन सभी झूठी और कभी न पूरी की जाने वाली घोषणाओं से भाजपा का सनातन धर्म विरोधी चेहरा उजागर हो चुका है। भाजपा सरकार जनता की धार्मिक भावनाओं से खिलवाड़ के कर राजनैतिक रोटियां सेंकने का काम करती है। इनकी मंशा धार्मिक स्थलों के विकास की न कभी थी और न भविष्य की कोई योजना है।

मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कमलनाथ ने मध्यप्रदेश को विश्व के मानचित्र में धार्मिक पर्यटन केंद्र के रूप में स्थापित करने का संकल्प लिया है। कांग्रेस मध्यप्रदेश के सभी तीर्थ स्थलों को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने व पैराणिक मान्यताओं के आधार पर संरक्षित करने का रोड मैप तैयार करेगी।

कांग्रेस पार्टी चित्रकूट से अमरकंटक तक 9 जिलों में राम वन गमन पथ का समग्र रूप से विकास करेगी। इस मार्ग में आने वाले पौराणिक स्थानों को विकसित कर मुख्यधारा में लाया जाएगा जिससे प्रदेश व देश के हर नागरिक भगवान राम के वनवास के दौरान मध्यप्रदेश की धरती से गुजरने के प्रमाणों को प्रत्यक्ष रूप से देख सकेंगे। कांग्रेस शासन आने पर भगवान राम के उस पथ को विकसित एवं संरक्षित करेगी जिन स्थानों से भगवान राम वनवास के दौरान मध्यप्रदेश से होकर गये थे।

प्रदेश कांग्रेस द्वारा राम वन गमन पथ 23 सितम्बर से 15 दिवसीय पथ यात्रा निकाली जाएगी। भगवान राम मध्यप्रदेश में जहां.जहां से गुजरे है उन स्थानों को धार्मिक और पर्यटन स्थल के रूप में विकसित कर संरक्षित करने की योजनाए इन क्षेत्रों को राम स्मृति संग्रहालय रामलीला केन्द्र नये गुरुकुल एवं आश्रमों की योजना बनाना।

यह यात्रा चित्रकूट में कामतानाथ जी के दर्शन से प्रारंभ होगी। वहां से स्फटिक शिला गुप्त गोदवरी और सती अनुसूइया आश्रम के दर्शन करेगी। शरभंग आश्रम अथमुनि आश्रम सुतीक्ष्ण आश्रम सिद्धा पहाड़ होते हुए बिरसिंगपुर में भगवान शिव के दर्शन होंगे।

अवैध रुप से बम पटाखे बनाने वाली फैक्ट्री पर छापा, विस्फोटक सामग्री के साथ एक गिरफ्तार

भोपाल 14 सितम्बर (ए) राजधानी के कोतवाली थाना इलाके में अवैध रुप से बम खटाखा बनाने वाले कारखाने पर पुलिस ने छापा मार कार्यवाही करते हुए विस्फोटक सामग्री सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक राजधानी की कोतवाली पुलिस टीम को मुखबिर द्वारा सूचना मिली थी कि क्षेत्र में संवेदनशील इलाके चौक बाजार में स्थित काफी हाऊस के पास अवैध रुप से बम पटाखे बनाये जा रहे है और यहां पटाखे बनाने में उपयोग किया जाने वाला सामान भी रखा हुआ है। सूचना मिलने पर पुलिस टीम ने छापामार कार्यवाही करते हुए यहां से विस्फोटक सामान बरामद कर पुरुषोत्तम नामक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ विस्फोटक अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। बताया जा रहा है कि आरोपी द्वारा जहां लंबे समय से बम पटाखे बना रहा थाए पुलिस आरोपी से आगे की पूछताछ में जुटी है।

दस हजार शिक्षकों की भर्ती करेगा जनजातीय विभाग

भोपाल 14 सितम्बर (ए) प्रदेश का जनजातीय कार्य विभाग इस साल दस हजार शिक्षकों की भर्ती करेगा। विभाग ने इसकी तैयारी भी शुरु कर दी है। प्रदेश के आदिवासी बहुल 89 विकासखंड है जिनमें संचालित होने वाले सरकारी स्कूलों के लिए जनजातीय कार्य विभाग इस बार अलग से शिक्षकों की भर्ती करेगा। वर्तमान में विभाग भर्ती नियम तैयार कर रहा है। इसके बाद वित्त और विधि विभाग की सहमति के बाद प्रक्रिया शुरू करने के लिए प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड ;पीईबीद्ध को भेजे जाएंगे। पहले चरण में 10 हजार पदों पर भर्ती हो सकती है। प्रदेश में पहली बार दोनों विभाग शिक्षकों की चयन परीक्षा अलग.अलग आयोजित करा रहे हैं। स्कूल शिक्षा विभाग हाल ही में उच्च माध्यमिक शिक्षकों के 17 हजार पदों पर भर्ती की प्रक्रिया शुरू का चुका है। पीईबी ने इसका विज्ञापन जारी कर दिया है।

कांग्रेस के वचन पत्र का प्रारूप तैयार

भोपाल 14 सितम्बर (ए) मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस द्वारा मतदाताओं के लिए एक वजन पत्र तैयार किया गया है। कांग्रेस ने इसे लगभग 17 सितंबर को राहुल गांधी अपने भोपाल आगमन में इस वचन पत्र के वचनों की घोषणा सार्वजनिक रूप से कर सकते हैं।

पिछले कुछ दिनों से वचन पत्र तैयार करने वाली समिति इसको अंतिम रूप देने का काम कर रही थीए जो लगभग पूरा कर लिया गया है। इस वचन पत्र को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की स्वीकृति लेने के प्रयास किए जा रहे हैं। यह भी कोशिश की जा रही है कि भोपाल प्रवास के दौरान वह वचन पत्र की घोषणा सार्वजनिक मंच से करें।

मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने जो वचन पत्र तैयार किया है उसमें किसानों की ऋण माफी बिजली बिल आधा राम वन गमन पथ बेरोजगारों को बेरोजगारी भत्ताए प्रत्येक ग्राम पंचायत में एक गौशाला एक मंदिर और एक श्मशानए रोजगार और नए उद्योगों को विकसित करने जैसे मुद्दे वचन पत्र में शामिल किए गए हैं।

कार्यालय पुलिस अधीक्षक - नारायणपुर (छ.ग.)

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा क्रमांक/P-2537/पुअ/ना.पुर/एपी-1/2018-19/नारायणपुर, दिनांक 12/09/2018

छत्तीसगढ़ के राजपालन की ओर से निम्नलिखित निर्माण कार्य के लिए मुहरबंद निविदायें प्रपत्र-अ में प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग रायपुर द्वारा 01.01.2015 (भवन) एवं निविदा जारी दिनांक तक संशोधित दर अनुसूची के आधार पर लोक निर्माण विभाग/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/छ.ग. गृह निर्माण मंडल/ग्रामीण याकिकी सेवा/सिचाई विभाग में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से दो लिफाफा पद्धति, जिसमें एक अमानत राशि व दूसरा निविदा प्रपत्र का लिफाफा होगा, निविदा पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा आमंत्रित की जाती है। कार्यालय पुलिस अधीक्षक, नारायणपुर में निविदाओं उपस्थित निविदाकार या उनके अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष खोले जाने की प्रक्रिया प्रारंभ की जायेगी। उक्त तिथि को अपरिहार्य परिस्थिति में निविदा संबंधी कार्यवाही अगले कार्य दिवस को की जायेगी।

(1) निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि :- 20.09.2018 के 05-00 बजे तक
(2) निविदा प्राप्ति/जमा की अंतिम तिथि :- 22.09.2018 के 05-00 बजे तक
(3) निविदा खोले जाने की तिथि :- 24.09.2018 के संध्या 4-00 बजे
(4) निविदा प्रपत्र का मूल्य :- 750/- (चालान के माध्यम से पुलिस-0055, 800- अन्य प्राप्तियां)
(5) कार्य पूर्ण करने की अवधि :- 03 माह।
(6) ठेके की आमंत्रण क्रमांक :- ''डी'' एवं उच्च श्रेणी लोनिवि के श्रेणी के पात्रताधारक (प्रथम मार)
(7) प्रभावी दर अनुसूची :- लो.नि.वि. द्वारा दिनांक 01 जनवरी 2015 को जारी भवन एस.ओ.आर. में प्रचलित

सक्र.	कार्य का नाम एवं कार्य स्थल	कार्य की अनुमानित लागत	धरोहर राशि
(1)	(2)	(3)	(4)
01.	कुकड़ाझोर से अकाबेड़ा/नेड़नर मार्ग पर द्वितीय श्रेणी सड़क निर्माण कार्य	18.35 (लाख)	36700.00
02.	आर.सी.सी. स्लैब कलवर्ट निर्माण कार्य कुकड़ाझोर से अकाबेड़ा मार्ग पर	12.76 (लाख)	25000.00

नोट:-
01. निविदा संबंधी अन्य जानकारी के लिए पुलिस अधीक्षक, कार्यालय नारायणपुर में सम्पर्क कर सकते हैं।

पुलिस अधीक्षक,
नारायणपुर

जी-55402

कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य वि./या. खण्ड जगदलपुर (छ.ग.)

क्र. 03/का.अ./2018,/जगदलपुर/ दिनांक 11/9/2018

-: आनलाईन निविदा आमंत्रण सूचना सिस्टम निविदा क्रमांक 44283 :-

Online tenders are invited on behalf of the Governor of Chhattisgarh for the following work in form "B" and will be received up 27 SEP. 2018 17:30 P.M. from the manufacturers/their authorised dealer/ and reputed firms having sufficent experence for the installation and trail run etc.

Sr. No.	Name of work	Qty.	Probable amount of contract (in Rs. lacs)	Earnest Money (in Rs.)	Period of completion in months including rainy season	Bid submission fees
1	1	3	4	5	6	7
1	Supply, erection with necessary fabrication work, testing, commissioning and Trial run of (600-675) CFM/ (200-250) PSI Screw Compressor with Suitable Diesel Engine in place of Old ELGI 650CFM/200PSI compressor and engine,on Existing TM-1 Rig Machin as per detailed specifications given in the tender. Rates quoted shall be including all Taxes F.O.R. PHED (E&M) jagdalpur Store/	One Complete Unit With Job Work	22.61	16960.00	Three month from date of issue of supply order	Payable at the time of Bid Preparation and Hash Submission through online payment Gateway

उपरोक्त निविदा दिनांक 18.09.2018 से भरी जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता,
लोक स्वास्थ्य वि./यां. खण्ड जगदलपुर
बस्तर (छ.ग.)

जी-55449

कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग पश्चिम बस्तर संभाग बीजापुर

निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक-3366/NIT-9/2018-2019/ व ले लि दिनांक : 12/09/2018
ठेकेदारों द्वारा प्रपत्र विक्रयार्थ प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 20/09/2018 अपराह्न 5.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि :- 27/09/2018 अपराह्न 5.30 बजे तक
28/09/2018 पूर्वाह्न 11.30 बजे तक

एन.आई.क्यू. निविदा क्र.	कार्य का नाम/ No Of Calls	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि (रू.में) बैंक सान्त्वना (रू.में)	निविदा प्रपत्र की कीमत (रू.में)	निविदाकारों की श्रेणी	कार्य की अवधि
1	2	3	4	5	6
9 T0048	उप संभाग बीजापुर क्र.-01 के अन्तर्गत कलेक्टर बंगला बीजापुर में वाटर प्यूरिफिकेशन का कार्य प्रथम आमंत्रण	5.00 5000.00 150000.00	A 750.00	ई-पंजीयन के अंतर्गत श्रेणी ''ए'' से ''ए'' तक	01 माह वर्षा ऋतु सहित
9 T0049	उप संभाग बीजापुर क्र.-01 के अन्तर्गत कलेक्टर बंगला एवं बीजापुर मुख्यालय भवन में दीमक अवरोधक का कार्य। प्रथम आमंत्रण	5.00 5000.00 150000.00	A 750.00	ई-पंजीयन के अंतर्गत श्रेणी ''ए'' से ''ए'' तक	01 माह वर्षा ऋतु सहित

निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित कार्यालय में किया जा सकता है।

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग पश्चिम बस्तर संभाग
बीजापुर

जी-55470